AOI x Ibis Reproductive Health

# सपने, संशय दोस्ती : एक ~~अबॉर्शन~~ प्रेम ♡ कथा

लेख: पारोमिता वोहरा
चित्र: अंशुमान साठे




मुझे ये नहीं पता कि मैं ज्यादा सपने इसलिए देखती हूँ, क्योंकि मेरे माता-पिता ने मेरा नाम सपना रखा, या उन्होंने मेरा नाम ही सपना इसलिए रखा क्योंकि वो जानते थे कि आगे जाके मैं ढेर सारे सपने देखूँगी!
सपना! सपने देखना बंद कर!
BE FREE FASHIONS
TO-LET
1 BHK
शशश! इतनी ऊंची आवाज में बात मत करो। मेरा कोई पड़ोसी यहां से गुजर रहा हो तो?
अरे, वो क्यों घर से इतनी दूर आएंगे! यहां हम उनकी चुगलियों से सुरक्षित हैं।


ये मेरा बॉयफ्रेंडआनंद है। वो डी.जे. बनना चाहता है, लेकिन अभी वह एक मोबाइल फोन कंपनी में काम कर रहा है।
तो हमें कुछ मुफ्त का डेटा भी मिल जाता है! मुझे आनंद एक सपने जैसा सुंदर लगता है।
BOLLYWOOD BAZAR
38, MUTTON STREET, SHOP No. 22.
SALE SALE SALE SALE SALE
MODERN ELECTRONICS
FOR THE MODERN WOMAN
HARDWARE STORE
archies
बी फ्री फैशन्स
BE FREE FASHIONS
Private Lives
SLEEPWEAR & LINGERIE
archies
VALENTINES
BUY ONE GET ONE
और ये है मेरी कहानी–मेरे सपनों और हक़ीक़त की।


Happy Journey
Tours & Travels
कितने प्यारे हैं!
पता नहीं उसके माता-पिता जानते भी हैं कि नहीं? आजकल की लड़कियां आज़ादी तो चाहती हैं, लेकिन उसके नतीजों का क्या?
हां, जब शादी हो जायेगी तो खुद सीधे हो जायेंगे।
हां, अगर शादी करें तो।
Happy Journey
Tours & Travels
तुम्हारे ऑफिस के लोग हमें देख रहे हैं। तुम्हें किस कर लूं क्या?
मुझे पहले ये देखने दो कि मेरे पास एम्बुलेंस का नंबर है या नहीं, क्योंकि क्या पता मिस्टर मुखर्जी को इससे दिल का दौरा पड़ जाये! और फिर मिस नीलम कहेंगी,
“हाय, सर्वनाश, इन जवानों को तो कोई शर्म ही नहीं है!”
उनका सोचना सही हैं। मैं तो बेशर्म हूं।
Tours & Travels


PUSH
फिर से तीन मिनट देर हो गयी, मिस सपना।
सॉरी मिस्टर मुखर्जी!
हमने एक कोरिया टूर ग्रुप का प्लान बनाया है।
प्लीज़ ट्रिप का पूरा कार्यक्रम अच्छे से देख लो और जो लिस्ट मैंने ईमेल की है, उसपर भेज दो।
कोरिया!
मुखर्जी जी, क्या मैं नहीं जा सकती? कोरिया जाना तो मेरा सपना है।
पहले तुम प्रोफेशनल होना और टाइम पे ऑफिस आने-जाने का सपना देखना तो सीख लो।
हां मिस्टर मुखर्जी! और मुझे उम्मीद है कि आप जल्द ही मुझे कोरिया ट्रिप पर भेजने का सपना देखेंगे!
TING
SHAGGY
रैमन और रोमांस, आज रात का बोनस बुक है?
100

वो मेरी रूमी शगुफ़्ता है – हम उसे शैगी बुलाते हैं।





उस रात...
क्या ऐसा हो सकता है कि हम भूल गए हों?
नहीं नहीं, ये नहीं हो सकता
मुझे यक़ीन है, मेरे पीरियड्स आएंगे
हम तो हमेशा सावधान रहते हैं। पक्का, सब ठीक है।
अगली सुबह ...
मुझे क्या करना चाहिए?


अरे क्या तुम मुझे आज यहीं छोड़ दोगे? मेरी मीटिंग है इस तरफ।
ठीक है, अपनी मीटिंग करके आओ। मैं यहीं तुम्हारा इंतजार करूँगा।
नहीं नहीं, उसमें टाइम लग सकता है। मैं ऑफिस के लिए रिक्शा कर लूंगी।
2 प्रेग्नन्सी टेस्ट प्लीज भैय्या...
Pregnant
Not Pregnant
नही हो सकता!
Pregnant
Not Pregnant
आज रिक्शे से आई है।
ऐसा लगता है उसने इसे छोड़ दिया है।


हम छोले भटूरे खाने बृजवासी जा रहे हैं। तुम चलोगी?
नहीं मैडम, मुझे जापान ग्रुप के लिए कुछ बुकिंग पूरी करनी है। आप लोग जाओ।
ABORTION
मिफप्रिस्टोन
ABORTION
क्या इंडिया में अबॉर्शन वैध है?
क्या मैं डॉक्टर के बिना अबॉर्शन करा सकती हूँ?
मदनपुर में अबॉर्शन का खर्चा
अबॉर्शन की प्रक्रिया
अबॉर्शन के लक्षण
अबॉर्शन कराने पर सज़ा
गर्भ-निरोध
गोलियां
MISSION FAILED
ABORT!
ABORT!
ABORT!
THE TIMES OF INDIA
गर्भवती लड़की की मौतः
माँ – बाप बर्बाद


झूठ मत बोलो। मेरा इस बकवास से कोई लेना-देना नहीं है यार।
ये लड़की खुद को बड़ा कूल और आज़ाद समझती है। लेकिन देखो कैसे सब को शर्मिंदा कर डाला है।
LETTER OF TERMINA
क्या आप शादीशुदा हैं? अगर नहीं, तो अपने माता-पिता को बुलाओ, नहीं तो मैं पुलिस को बुलाऊंगा।
Abortion Special Task Force
तुम पर भरोसा किया, उसका ये सिला दिया तुमने?
HP
क्लास, आप लोग प्रजनन का चैप्टर घर पे पढ़ सकते हैं। वैसे इस तरह के अश्लील सवाल परीक्षा में नहीं पूछे जाएंगे।
Uterus
मैं बाहर जा रही हूँ। मुझे तुम्हारे जैसे घोटालेबाज़ इंसान के साथ नहीं रहना ।
सपना तुम ठीक तो हो?
हाँ! सॉरी ...



कुछ चाइनीज़ खाना चाहोगी?
नहीं, मेरी तबीयत ठीक नहीं ।
अम्मी मुझे यक़ीन नहीं हो रहा कि वो इतनी मूर्ख थी! सेक्स एजुकेशन देने की मनाही का नतीज़ा है ये सब।
शगुफ़्ता तुम्हें बेहुदा बातें बोलने की जरूरत नहीं!
अरे अम्मी, सेक्स-एजुकेशन में क्या बेहुदा है? वो बहुत ज़रूरी चीज़ है ।
अरे अम्मी, सेक्स-एजुकेशन में क्या बेहुदा है? वो बहुत ज़रूरी चीज़ है ।
तुम्हें मेरी पड़ोसी रश्मी याद है, जो हमारी सीनियर थी। उसका एक बहुत ही बेवकूफ़ बॉयफ्रेंड था- रोमी, जिसे हम रोमियो बुलाते थे?
हाँ
इतनी बड़ी मूर्ख है वो। उसकी और रोमियो की पिछले साल ही शादी हुई थी और वो - ध्यान से सुनो- सेक्स करते हुए, शिश्न को पुल आउट/बाहर निकालने वाले तरीके पे निर्भर थे । फिर क्या- झट से प्रेग्नेंट हो गई।
शैगी के पास भी बात करने के लिए यही टॉपिक बचा!


और ऊपर से उस बेवकूफ को तीन महीने तक इसका एहसास भी नहीं हुआ। तो लो, अब बच्चा होने वाला है—प्लानिंग से काफ़ी पहले। लापरवाही की हद!
SLAM
ओए?
सपना? क्या हुआ?
मेरा पेट खराब हो गया है।
ओह! हमें रामेन खाना बंद करना होगा, भाई! मैं कल खिचड़ी बनाऊंगी, प्रॉमिस।


DR. SHARMA
GYNAECOLOGIST
दवाओं के विक्रेता
नेक्स्ट!
आपके पति तो ये न्यूज़ सुनकर नाच उठेंगे।
एर.. मैं..नहीं मैं नहीं चाहती.. मेरा मतलब है.
अबॉर्शन? क्यों? तुम तो ज़वान हो, स्वस्थ हो, नहीं? और पति भी?
नहीं, मेरा मतलब है कि मैं...
अरे शादीशुदा नहीं हो क्या? तो अब? अबॉर्शन?
हां..हां।
मौज-मस्ती करते समय तो तुम मॉडर्न लड़कियां बनती हो लेकिन आगे-पीछे कुछ नहीं जानती हो क्या?
मुझे क्या करना चाहिए?
ठीक है, तो ऑप. रेशन या गोली खाओगी?


FD tod do??
Confirm ✓
LIFE SAVINGS ₹ ₹
ये पैसे काफ़ी नहीं हैं। नर्स, पुलिस को बुलाओ!
हमें तुम्हें घर से दूर रहने की आज़ादी देनी ही नहीं चाहिए थी। तुमको क्या लगता है- ये अमेरिका है?
तुम्हें नौकरी से निकाल दिया गया है। और हम तुम्हारा पासपोर्ट भी जब्त कर लेंगे। प्रमोशन और कोरिया के सपने देखती रहो अब! हह!
12:00
मैंने कभी इतने सारे बुरे सपने नहीं देखे। समझ नहीं आता क्या करूँ!


STD, STI,
गौरव चाट भण्डार
WEL-COME
STD, STI
STD, STI,
ABORTION
SOB
गौरव चाट भण्डार
एक फूल दो माली, सुबह भरा शाम को खाली।
क्या हुआ? तुम्हें गोलगप्पे नहीं चाहिए तो हम कुछ और खा सकते हैं बाबू!
नही नही... वो बात नही है...


तुम्हें जैसे ही पता चला, मुझे क्यों नहीं बताया?
मैंने सोचा तुम मुझे ही गलत समझोगे।
क्यों! अगर मैं तुम्हें गलत समझूंगा, तो साथ ही साथ खुद को भी दोषी मानना होगा न।
हम हमेशा कंडोम का इस्तेमाल करते हैं, इसलिए मैंने सोचा कि तुम मुझे ही दोष दोगे।
लेकिन कहते हैं कि कभ- ी-कभी कंडोम फट सकते हैं। शायद हमें एहसास नहीं हुआ होगा।
तुम क्या करना चाहती हो? क्या तुम...मेरा मतलब है..शादी करना चाहती हो या कुछ और?
शादी? नहीं!
मेरा मतलब है
हम अभी जवान हैं। हमें ये भी नहीं पता कि अगले साल क्या होगा। मैं चाहती हूँ.. मेरा मतलब है..
तुम्हें जो भी करना है, बोलो। हम मिल कर करेंगे।
मैंने पढ़ा है कि अबॉर्शन की गोलियाँ होती हैं, लेकिन, मेरा मतलब है, मुझे डर लग रहा है। क्या ये कानूनी है?
चलो शैगी से पूछते हैं? वो एक पत्रकार है, उन लोगों को सब पता होता है।
मुझे अज़ीब लग रहा है।
आराम से रहो। मैं खुद भी इस सबसे काफी अनजान हूं। मिलके पूछेंगे। तुम्हारी दोस्त है वो। वो ये सब समझने में हमारी मदद करेगी।



We Can Do It!
यार! तुम्हें उस दिन झूठ बोलने की क्या ज़रूरत थी कि तुम्हारा पेट खराब है।तुम कितनी परेशान रही होगी ।
मेरा पेट सच में खराब हो गया था, परेशानी थी, इसलिए।
HAHAHA
हंसो मत!
ठीक है। तुम मेरी चचेरी बहन फ़ातिमा को जानती हो, जिसका पति शहर के बाहर वायुपुरी गांव में एक टाउनहॉल बनवा रहा है? वो कुछ दिन अपनी गर्भनिरोधक गोलियाँ लेना भूल गयी और समझी नहीं कि कब प्रेग्नेंट हो गई।
तब उसने अबॉर्शन की गोलियां ली, वो भी गाँव में। ऐसा नहीं कि वो कोई बंबई या कहीं और रह रही थी!
इसे खुद से किया गया अबॉर्शन बोलते हैं। तो चलो तुम्हारे अबॉर्शन का इंतज़ाम भी हम खुद करेंगे। उसको कॉल करके पूछते हैं।
We Can Do It!
सच में!
मैंने तुमसे कहा था, शैगी को ये सब पता होगा।


दीदी, मेरी दोस्त को कुछ मदद की ज़रूरत है। क्या हम कल आपसे मिलने आ सकते हैं?
दवाईयाँ
दवाईयाँ
ALL KINDS OF MEDICINES ARE AVAILABLE HERE
वायुपुरी 44
VAYUPURI
ये तो बहुत सुंदर हैं! बस यहां आस पास जो कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है, उसकी धूल-मिट्टी में सूख ना जाये।
आप शर्बत पीयो, तब तक मैं आशा दीदी को बुला लाती हूँ, जिन्होंने मेरी मदद की थी।
नैना दीदी, याद है मैंने कल आपको मदनपुर से आ रहे अपने दोस्तों के बारे में बताया था? वो आपसे मिलने आ रहे हैं। प्लीज उनकी मदद कर देना।




ASHA clinic
दवाइयाँ
हाँ, आप गोलियों का इस्तेमाल कर सकती हैं, क्योंकि आपके आखिरी पीरियड्स को अभी 12 हफ्ते नहीं हुए हैं, है ना? और आप एनीमिक भी नहीं हैं, है ना?
इतनी परेशान मत रहो। सब ठीक हो जाएगा। मैं अभी-अभी एक औरत की जाँच करके वापस आई हूँ जो चौथी बार प्रेग्नेंट हुई है।
WHAT DO I DO NEXT?
Tuck ALL FOUR pills TOGETHER
Under your tongue
उसके पति और उसको वो बच्चा पैदा नहीं करना है। अब अबॉर्शन की गोलियाँ ले रही है।
मैं तुम्हें बहुत सी कहानियाँ सुना सकती हूँ।
देखो - अबॉर्शन के लिए तुम किसी भी डॉक्टर के पास जा सकती हो। लेकिन तुम अबॉर्शन की गोलियों का इस्तेमाल करके घर पर भी इससे निज़ाद पा सकती हो।
AFTER 24 HOURS AND BE
4 PILLS THAT LOOK ALIKE CA
ALL FOUR pills TOGETHER
misoprosTol
पर आप को ध्यान से लेना होगा...मैं समझाती हूँ।
आयुर्वेदिक दवाओं
भैय्या अबॉर्शन की गोली देना प्लीज। और ठीक से
और ठीक से समझाइए कैसे लेते है
दवाईयाँ
1
2
3
4
सबसे ऊपर पड़ी ये बड़ी मोटी गोली देखो - मायफप्रिस्टोन - इसको सबसे पहले लेना है। इससे ज्यादा कुछ नहीं होगा। कभी-कभी किसी को हल्के दाग या हल्की ऐंठन हो जाती है। लेकिन आमतौर पर नहीं!
फिर 24 घंटे के बाद और 48 घंटे से पहले इन चारों गोलियों को एक साथ लेना है। और कुछ दिनों बाद सब ठीक हो जाएगा।


उस रात मैंने पहली गोली ले ली। ASHA दीदी ने सुनाई हुई औरतों की कहानियों के सपने देखने लागि...
अकेली थी, इसलिए केमिस्ट के पास जाने में झिझक हो रही थी। तो मैंने मेरे एक दोस्त को भेजा। हम दूसरे इलाके वाले केमिस्ट के पास गए। उनको हमारे साथ अज़ीब बर्ताव करने की ज़रूरत नहीं थी– वो सिर्फ एक दवा ही तो थी। फिर भी, एक बार मैंने गोली ले ली तो सब कुछ ठीक लग रहा था। उसके बाद ही चैन आया। और तब मैंने सोचा कि मैं जिनको भी जानती हूँ, सबको बताऊंगी कि अगर आपको ज़रूरत है तो जाओ अबॉर्शन की गोलियाँ लो। सब ठीक रहेगा।
मेरा पति सच में बहुत दुष्ट था। जब मैं प्रेग्नेंट हुई तो वो मुझ पर ऐसे चिल्लाया, जैसे कि सब मेरी गलती हो। हालाँकि मेरी सास ने मेरा ख़्याल रखा और जब मैंने अबॉर्शन की गोलियाँ लीं तो उन्होंने ही मेरी देखभाल की।
दवा लेने के बाद मुझे अच्छा लग रहा था। मुझे ज्यादा कुछ महसूस नहीं हुआ। मुझे बच्चे बहुत पसंद हैं, लेकिन मैं चाहती थी कि जब मैं तैयार हो जाऊं तभी बच्चे पैदा करूं। बाद में मैं खुश थी।
मुझे कुछ दर्द हुआ और खून भी आया। लेकिन नसीब अच्छा था कि दो दिन की छुट्टी मिल गयी और मैं गर्म पानी की थैली लेकर आराम कर सक. ।उसके बाद भी खून आया लेकिन बस काम के लिए जाते समय पैड की ज़रूरत पड़ती। बाकी मैं ठीक थी।
दिल से कहूं तो मैं थोड़ी उदास थी। मैं चाहती थी कि काश मेरे साथ ऐसा न हुआ होता। लेकिन फिर, मुझे ये भी पता है कि मैंने वही किया जो अभी मेरे लिए सही था।
हर कोई मातृत्व के बारे में ऐसे बात करता रहता है जैसे कि हर कोई माँ बनना चाहता हो। कुछ लोग ऐसा नहीं चाहते। इसका मलतब ये नहीं कि वो बिरले हैं, नैचुरल नहीं हैं। वो जो हैं सो हैं। हम दूसरों की उलझी रूढ़िवादी सोच की गठरी उठाकर तो नहीं घूम सकते, है ना?
मैं चाहती थी कि मेरी बेटी की एक बहन हो। दोनों एक दूसरे से जुड़े रहते। ऐसा मेरा मन चाहता था। लेकिन हमारी आय उतनी नहीं थी। मुझे अपनी बेटी के भविष्य के लिए पैसे जमा करना था। ऊपर से मुझे थायरॉइड भी है... मुझे डर था और इसीलिए हमने उस समय बच्चा पैदा नहीं करने का फैसला किया।
मैं वो काम करने जा रही थी जो पहले कभी नहीं किया था, इसलिए डर लगना लाज़मी था।
औरतें इस बात से आहत होती हैं कि अगर वो अपने लिए कोई फैसला लेती हैं तो लोग उन्हें कैसे देखते हैं लेकिन हमें उनकी सोच से क्या लेना-देना?


ओके, सपना अब मिसोप्रोस्टोल गोलियाँ ले लो।
उन्हें निगलो मत। बस गाल में रखो और घुलने दो।
वो कोई बच्ची नहीं है, यार। उसे पता है क्या करना है।
चलो जिंदगी गुलजार है का एक एपिसोड देखते हैं– 30 मिनट में वो भी खत्म हो जाएगा। वो कंप्यूटर पर शो चला लेते हैं।
زندگی گلزار ہے
Zindagi Gulzar
फवाद खान बहुत सेक्सी हैं यार।
इसलिए सनम सईद है!
ठीक है, बहुत हुआ। मुझे लगता है 30 मिनट पूरे हो गए हैं। बाकी गोली अब निगल लो।वो पानी का गिलास बढ़ाता है।
ओह, मुझे लगता है कि कोई फवाद खान से जल रहा है।
बिल्कुल नहीं, मैं इतना हैंडसम हूँ कि मुझे उसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं। सोचना होगा तो मैं अपनी खूबसू. रत गर्लफ्रैंड के बारे में सोचूंगा।
CLICK
ओहोहो. हो


मैं खुशकिस्मत हूँ कि मेरे दोस्त हैं। मुझे खुशी है कि मैंने शर्म को हावी नहीं होने दिया, और अकेले नहीं पड़ी।
सपना!
तो सुनो, हमारे पास शिन येओन किम ची रामयोन है।
गरम-गरम कचौड़ी है।
ढेर सारे चिप्स और केचअप।
और पूरी आइसक्रीम की दुकानरू चॉकलेट, बटरस्कॉच और मेरी पसंदीदा - कसाटा, छोटे शहरों की समलैंगिक आइसक्रीम! सतरंगी रे!
30% More chips
Lay's
India's Magic Ma
25% MORE CH
Lay's
West Indies' Hot 'n' Sweet Chilli
हम खुद से किये गए अबॉर्शन का पायजामा पार्टी मना रहे हैं सपना!


मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि तुमने मुझ पर भरोसा किया और मुझे इस पार्टी में बुलाया!
वैसे सुनो, मैं तुम्हारे लिए कुछ और पैड लायी हूँ। अगर तुम्हें लगेगा तो मैंने उसे टॉयलेट में रखा है।
वाह, मुझे यक़ीन नहीं हो रहा शैगी कि तुम्हें कसाटा आइसक्रीम मिल गई। कितने दिन हो गए इसे खा के।
चलो खाते हैं!
रुको मुझे पैड बदलकर आने दो
सब लोग घर आए, कितना अच्छा लग रहा है।
मैं तुम्हें मिस कर रहा हूँ। और वहां जो मस्ती चल रही, वो भी।
मैं तुम्हारे लिए थोड़ी आइसक्रीम बचा कर रखूंगी।
तुमको मोटे दोस्तों, पतले दोस्तों, शरमीले दोस्तों, ऑर्डर देने वाले दोस्तों, सबकी जरूरत है...। और मीठी झप्पी देने वाले दोस्तों की भी!
लड़कियों, तुम्हें ये सब ठीक लग रहा है?
क्यों? तुम्हारी तबियत ठीक नहीं है?
सपना! मैंने भी गोलियाँ ली हैं। सब ठीक हो जाएगा। आराम करो।
ठीक है लेकिन...
तुमको मोटे दोस्तों, पतले दोस्तों, शरमीले दोस्तों, ऑर्डर देने वाले दोस्तों, सबकी जरूरत है...। और मीठी झप्पी देने वाले दोस्तों की भी!
VALENTINES SPECIAL!



HP
शाकाहारियों के लिए, क्या कहूँ, जापान में कुछ भी नहीं है। लेकिन उनके पास साके नाम का एक अच्छा ड्रिंक है। तो मैंने वही पिया और नूडल्स खाये, काम चल गया
HP
और टूर ग्रुप की औरतों का क्या?
HP
कुछ तो मेरे साथ आये। और कईयों ने नॉन-वेज खा लिया। बोला देश के बाहर हैं तो कुछ भी खा सकते हैं। बताओ!
मिस नीलम, हम जो लोग यहां काम कर रहे हैं, उनको फ्लाइट टिकट पे कुछ डिस्काउंट मिलता है क्या?
HP
वो तो इसपे निर्भर करता है कि तुम कैसा काम कर रही हो। अगर अच्छा करोगी, तो क्या पता, दिवाली बोनस में तुमको कहीं जाने का टिकट मिल जाए
HP
यानि विदेशी जाने का भी?
नहीं, आगरा या जयपुर जाने का। इतने बड़े सपने मत देखो, लड़की।
MAIN CHALI MAIN CHALI
I ♥ KOREA
छोटे और बड़े सपने देखना अच्छा है मिस नीलम - वैरायटी ही तो लाइफ का मसाला है, आपने ही तो कहा था!


POLY CLINIC
अंग्रेज़ी एवं आयुर्वेदिक दवाओं
तुम्हें ब्लड टेस्ट की क्या ज़रूरत थी? अब तो तुम ठीक महसूस कर रही हो ना।
मुझे बस कोई सिर्फ टेंशन नहीं चाहिए। मैं ख़ुश रहना चाहती हूं और अच्छे-अच्छे सपने देखना चाहती हूं!
PREGNANCY TEST RESULTS
NEGATIVE
चलो गोल-गप्पे खाते हैं।
गौरव
WEL·COME



तुम्हें पता है तुम ऑफिस की तरफ से टूर गाइड ट्रेनिंग के लिए अप्लाई कर सकती हो।
सच में? फिर क्या मुझे भी मिस नीलम की तरह टूर पर भेजा जाएगा?
भण्डार
खाली
अगर मुखर्जी साहब को मंजूर हो तो। लेकिन तुम पहले इस कोर्स के लिए अप्लाई तो करो!
EMAIL
Subject: Application for training
*WINK*
ऐसा लगता है मुसीबत में ही स्वर्ग है। जवान जिंदगी है।
मिस नैना, आप चाहो तो ऐसी जिंदगी आपकी भी हो
नहीं नहीं, मैं एक्स्ट्रा खुशी में कोई दिलचस्पी नहीं है।
सपना!
भले ही तुम हर दिन कुछ मिनट देर से आती हो,
तुम्हारा परफॉरमेंस अच्छा रहा है। इसलिए हम तुमको टूर गाइड कोर्स के लिए भेज रहे हैं।
ओह!
लेकिन जरा टाइम की पाबंदी में सुधार लाओ।
मेरे लिए ये सपना सच होने जैसा है!
Traineeship Certificate
MAIN CHALI CHALI


MAIN CHALI
MAIN CHALI
बस एक मिनट, मुझे कंडोम लाने दो।
और चीजों को सपनों सा सुंदर बनाने के लिए, उसमें थोड़ा सच मिलाना भी गलत नहीं है। तो ये है कहानी मेरे सपनों और संशय, प्यार और दोस्ती की। मैं सोच रही हूँ, तुम्हारी कहानी क्या होगी!

ये कॉमिक आईबिस रिप्रोडक्टिव हैल्थ द्वारा, RUWSEC, SHRI और FPAI के साथ साझेदारी में खुद संभाले गए अबॉरशन पे की गई रिसर्च पे आधारित है। ये रिसर्च भारत में, जनवरी और अगस्त 2022 के बीच की गई थी।

कॉपीराईटः
परोदेवी पिक्चर प्राईवेट लिमिटेड
औरआईबिस रिप्रोडक्टिव हैल्थ

अनुवाद : नेहा



Agents of Ishq x Ibis Reproductive Health